मईया अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना

मईया अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे, चरणों से लगाए रखना।।

इक तुम ही सहारा हो, जीवन का किनारा हो,
मेरे दिल की धड़कन पे मईया नाम तुम्हारा हो,
मेरे रोम रोम में आप मेरी मईया समाये रहना,
मईया अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे, चरणों से लगाए रखना।।

सची श्रद्धा से हम मईया तुमको बुलाते है,
इस मन के मंदिर में तेरी ज्योत जलाते है,
मेरे रोम रोम में आप मेरी मईया समाये रहना,
मईया अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे, चरणों से लगाए रखना।।

मईया अपनी कृपा भक्तों पे बनाये रखना,
चरणों में आ बैठे, चरणों से लगाए रखना।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24711/title/mayia-apni-kirpa-bhakton-pe-banaye-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |